THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

**MODEL EXAMINATION 2022-2023**

प्रश्नपत्र

हिंदी(ब) कोड संख्या **085**

कक्षा दसवीं

निर्धारित समय : **3** घंटे पूर्णांक- **80**

सामान्य निर्देश :-

- इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं - खंड 'अ' और 'ब' |
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछें गए हैं |दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछें गए हैं , आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं |
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए |
- दोनों खंडों में कुल 18 प्रश्न है |दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमांश लिखिए |

खंड -अ (वस्तुपरक प्रश्न )

प्रश्न **1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए | **(1X5=5)**

साहित्य ही सच्चा इतिहास है क्योंकि उसमें अपने देश और काल का जैसा चित्र होता है, वैसा कोरे इतिहास में नहीं हो सकता है| घटनाओं की तालिका इतिहास नहीं है, और ना राजाओं की लड़ाईयाँ ही इतिहास है| इतिहास 'जीवन' के विभिन्न अंगों की प्रगति का नाम है और जीवन पर साहित्य से अधिक प्रकाश और कौन वस्तु डाल सकती है क्योंकि साहित्य अपने देश काल का प्रतिबिंब होता है|जीवन में साहित्य की उपयोगिता के विषय में कभी कभी संदेह किया जाता है, जो स्वभाव से अच्छे हैं, वह अच्छे ही रहेंगे, चाहे कुछ भी पढ़े| जो स्वभाव से बुरे हैं, बुरे ही रहेंगे, चाहे कुछ भी पढ़ें| इस कथन में सत्य की मात्रा बहुत कम है|इसे सत्य मान लेना मानव चरित्र को बदल देना होगा | जो सुंदर है, उसकी ओर मनुष्य का स्वाभाविक आकर्षण होता है | हम कितने ही पतित हो जाएँ , पर असुंदर की ओर हमारा आकर्षण नहीं हो सकता है| हम कर्म चाहें कितने ही बुरे करें यह असंभव है कि करुणा और दया , प्रेम और भक्ति का हमारे दिलों पर असर ना हो |

नेपोलियन की जीवन की यह घटना प्रसिद्ध है , जब उसने एक अंग्रेज़ मल्लाह को झाऊ की नाव पर समुद्र पार करते देखा |जब फ्रांसीसी अपराधी मल्लाह को पकड़कर नेपोलियन के सामने लेकर आए और उसने पूछा -तू इस भंगुर नौका पर क्यों समुंदर पार कर रहा था, तो अपराधी ने कहा- इसलिए कि मेरी वृद्ध माता घर पर अकेली है, मैं उन्हें एक बार देखना चाहता था| नेपोलियन की आंखों में आंसू छल छला आए | मनुष्य का कोमल भाग स्पंदित हो उठा | उसने उस सैनिक को फ्रांसीसी नौका पर इंग्लैंड भेज दिया |

1. गद्यांश के अनुसार इतिहास क्या है ?
   (क) धर्म से संबंधित प्रगति का नाम
   (ख) जीवन के विभिन्न अंगों की प्रगति का नाम
   (ग) राजाओं की लड़ाई यों का इतिहास
   (घ) घटनाओं की तालिका
2. साहित्य ही सच्चा इतिहास क्यों होता है ?
   (क) उसमे अपने देश और काल का जैसा चित्र होता है
   (ख) जीवन पर अधिक प्रकाश डालता है
   (ग) अपने देश- काल का प्रतिबिंब होता है
   (घ) उपर्युक्त सभी
3. मनुष्य का स्वाभाविक आकर्षण किसकीओर होता है ?
   (क) लोकप्रियता की ओर
   (ख) धन की ओर
   (ग) सुंदरता की ओर
   (घ) इतिहास की ओर
4. बुरे होने पर भी किन गुणों का हमारे दिल पर असर नहीं पड़ता है ?
   (क) प्रेम और भक्ति का
   (ख) दया का
   (ग) ईमानदारी का
   (घ) करुणा का
5. गद्यांश में किसके जीवन की एक प्रसिद्ध घटना का वर्णन किया गया है ?
   (क) अकबर
   (ख) नेपोलियन
   (ग) टीपू सुल्तान
   (घ) महात्मा गांधी

प्रश्न **2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प

चुनकर लिखिए |   **(1X5=5)**

चंपारण सत्याग्रह के बीच जो लोग गांधी जी के संपर्क में आए वे आगे चलकर देश के निर्माताओं में गिने गए। चंपारण में गांधी जी न सिर्फ सत्य और अहिंसा का सार्वजनिक हितों में प्रयोग कर रहे थे बल्कि हलुवा बनाने से लेकर सिल पर मसाला पीसने और चक्की चलाकर गेहूँ का आटा बनाने की कला भी उन बड़े वकीलों को सिखा रहे थे, जिन्हें गरीबों की अगुवाई की जिम्मेदारी सौंपी जानी थी। अपने इन आध्यात्मिक प्रयोगों के माध्यम से वे देश की गरीब जनता की सेवा करने और उनकी तकदीर बदलने के साथ देश को आजाद कराने के लिए समर्पित व्यक्तियों की एक ऐसी जमात तैयार करना चाह रहे थे जो सत्याग्रह की भट्ठी में उसी तरह तपकर निखरे, जिस तरह भट्ठी में सोना तपकर निखरता और कीमती बनता है।

गांधी जी की मान्यता थी कि एक प्रतिष्ठित वकील और हज़ामत बनाने वाले हज़्ज़ाम में पेशे के लिहाज़ से कोई फ़र्क नहीं, दोनों की हैसियत एक ही हैं। उन्होंने पसीने की कमाई को सबसे अच्छी कमाई माना और शारीरिक श्रम को अहमियत देते हुए उसे उचित प्रतिष्ठा व सम्मान दिया था। कोई काम बड़ा नहीं, कोई काम छोटा नहीं, इस मान्यता को उन्होंने प्राथमिकता दी ताकि साधन शुद्धता की बुनियाद पर एक ठीक समाज खड़ा हो सके। आज़ाद हिंदुस्तान आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और आत्म-सम्मानित देश के रूप में विश्व-बिरादरी के बीच अपनी एक खास पहचान बनाए और फिर उसे बरकरार भी रखे।

1. किसी काम या पेशे के बारे में गांधी जी की मान्यता क्या थी?
   (क) सभी कामों में अंतर होता है
   (ख) एक प्रतिष्ठित वकील और हज़ामत बनाने वाले हज़्ज़ाम में पेशे में फर्क नहीं होता है
   (ग) विभिन्न कामों की प्रतिष्ठा में अंतर होता है
   (घ) उपरोक्त सभी
2. गांधी जी सबसे अच्छी कमाई किसे मानते थे?
   (क) चोरी की कमाई
   (ख) दूसरों से मांगे हुए पैसे
   (ग) पसीने की कमाई
   (घ) दूसरों से छीने हुए पैसे
3. गांधी जी लोगों को शारीरिक श्रम का महत्त्व किस तरह समझा रहे थे?
   (क) उच्चशिक्षित लोगों को हलुवा बनाने का काम सिखाकर
   (ख) उच्चशिक्षित लोगों को सिल पर मसाला पीसने का काम सिखाकर
   (ग) क और ख दोनों
   (घ) उपरोक्त कोई नहीं
4. शारीरिक श्रम को महत्त्व देने और हर काम को समान समझने के पीछे गांधी जी की दूरदर्शिता इनमें से कौन सी नहीं थी?

(क) जाति मुक्त समाज

(ख) आत्मनिर्भर भारत

(ग) स्वस्थ समाज

(घ) स्वावलंबी भारत

5. निम्नलिखित कथन(A) तथा कारण(R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए

कथन(A) : गांधी जी की मान्यता थी कि एक प्रतिष्ठित वकील और हज़ामत बनाने वाले हज़्ज़ाम में पेशे के लिहाज़ से कोई फ़र्क नहीं होता |

कारण (R): दोनों की कमाई पसीने की कमाई है और दोनों हैसियत में एक है |

(क) कथन(A) तथा कारण(R) दोनों गलत है |

(ख) कथन(A) गलत है लेकिन कारण(R) सही है |

(ग) कथन(A) सही है लेकिन कारण(R)उसकी गलत व्याख्या करता है |

(घ) कथन(A) तथा कारण(R) दोनों सही है तथा कारण(R) कथन(A) की सही व्याख्या करता है |

प्रश्न **3.** निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्ही **4** प्रश्नों के उत्तर दीजिए**-**

**(1X4=4)**

**1.** किशन <u>जल्दी- जल्दी</u> खाना खाने लगा । रेखांकित पदबंध का भेद है **-**

(क) क्रिया पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध

(घ) क्रिया विशेषण पदबंध

**2.** क्रिया पदबंध का उदहारण चुनिए **|**

(क) <u>महँगी खरीदी हुई साडी</u> फ़ट गई ।

(ख) मुझे छत से चाँद <u>दिखाई दे रहा है</u>

(ग) <u>सामने के मकान में रहने वाला</u> आदमी एक जादूगर है।

(घ) तभी <u>नारियल के झुरमुट के पीछे से कोई</u> निकला ।

**3.** 'विरोध करने वाले लोगों में से कोई नहीं बोला' । इस वाक्य में सर्वनाम पदबंध है **-**

(क) विरोध करने वाले लोगों

(ख) नहीं बोला

(ग) विरोध करने वाले लोगों में से कोई

(घ) विरोध करने वाले

4. सीता की बकरी <u>अत्यंत सुंदर, और फुर्तीली</u> है।रेखांकित पदबंध का भेद है **-**

   (क) क्रिया पदबंध

   (ख) सर्वनाम पदबंध

   (ग) विशेषण पदबंध

   (घ) क्रिया विशेषण पदबंध

5. <u>समय का सदुपयोग करने वाले</u> लोग कभी असफल नहीं होते **|** रेखांकित पदबंध का भेद है **-**

   (क) क्रिया पदबंध

   (ख) सर्वनाम पदबंध

   (ग) विशेषण पदबंध

   (घ) क्रिया विशेषण पदबंध

प्रश्न **4 .** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्ही **4** प्रश्नों के उत्तर दीजिए**-** **(1X4=4)**

**1.** 'जैसे ही माँ ने वामीरो को रोते देखा वैसे ही वह आग बबूला हो गई' **|** निम्नलिखित वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा **-**

   (क) वामीरो को रोते देखकर माँ आग बबूला हो गई

   (ख) माँ ने वामीरो को रोते देखा और वह आग बबूला हो गई

   (ग) माँ ने वामीरो को रोते ही आग बबूला हो गई |

   (घ) जो वामीरो रोई माँ आग बबूला हो गई |

2. 'भाई साहब के उपदेश सुनकर मेरे कलेगे के टुकड़े टुकड़े हो जाते है' **|** रचना के आधार पर वाक्य भेद है **-**

   (क) सरल वाक्य

   (ख)संयुक्त वाक्य

   (ग) मिश्र वाक्य

   (घ) निषेध वाचक

3. 'वजीर अली साहसी और जाबाज़ सिपाही है **|** रचना के आधार पर वाक्य भेद है **-**

   (क) सरल वाक्य

   (ख)संयुक्त वाक्य

   (ग) मिश्र वाक्य

   (घ) प्रश्नवाचक

**4.** निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य है **-**

   (क) आज ना सुलेमान है और ना मेरी माँ की तरह लोग |

   (ख) जैसे ही हम धीरे -धीरे चाय पीने लगे , हम धीरे -धीरे अनंतकाल में जीने लगे |

(ग) वामीरो भी बहुत बैचैन थी |

(घ) भाई साहब उपदेश कला में निपुण थे |

5. 'आज गाँव में सभी पशु पर्व बड़ी धूमधाम से मना रहे थे'**|** रचना के आधार पर वाक्य भेद है **-**

(क) मिश्र वाक्य

(ख)संयुक्त वाक्य

(ग) सरल वाक्य

(घ) मिश्रित वाक्य

प्रश्न **5** **.** निर्देशानुसार 'समास ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्ही **4** प्रश्नों के उत्तर दीजिए**-**

**(1X4=4)**

**1.** 'महादेव' समस्तपद कौन**-**से समास का उदहारण है **?**

(क) कर्मधारय समास

(ख) अव्ययीभाव समास

(ग) तत्पुरुष समास

(घ) द्वंद्व समास

2. 'मृगनयन' **-**समस्त पद का विग्रह होगा **-**

(क) मृग और नयन

(ख) मृग है जो नयन

(ग) मृग रूपी नयन

(घ) मृग का नयन

3. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए **:**

| | समस्तपद | समास |
|---|---|---|
| **I.** | सप्ताह | द्वंद्व समास |
| **II.** | दिनोदिन | अव्ययीभाव समास |
| **III.** | सेनापति | कर्मधारय समास |
| **IV.** | दाल **-**रोटी | द्वंद्व समास |

(क) I और IV

(ख) II और III

(ग) II और IV

(घ) III और II

4. 'चंद्रचूड' का समास विग्रह और भेद होगा **-**

(क) चन्द्र है जो चूड - कर्मधारय समास

(ख) चंद्र है चूड़ा पर जिसके (शिव)- बहुव्रीहि समास

(ग) चन्द्र का चूड़ा - तत्पुरुष समास

(घ) चंद्र के लिए चूड़ा  - द्विगु समास

5. 'चिकित्सा के लिए आलय' का समस्त पद होगा **-**

(क) चिकित्सोलय

(ख) चिकित्सालय

(ग) चिकित्सकेंद्र

(घ) चिकित्स्लय

प्रश्न **6** . निर्देशानुसार 'मुहावरे ' पर आधारित छह  बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्ही **4** प्रश्नों के उत्तर दीजिए**-**

**(1X4=4)**

1. विद्वान और वीर होकर भी रावण की **………………..** पड़ गया था कि उसने माता सीता का अपहरण किया। मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए **:-**

(क) अक्ल पर पत्थर

(ख) पैरों पर खड़ा होना

(ग) अंधों में काना राजा

(घ) एक पंथ दो काज

2. शिव  मात्र आठवीं पास हैं, फिर भी उसकी सरकारी नौकरी लग गई। इसी को कहते हैं**- ………………..**

। उपयुक्त महावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए **:-**

(क) किस्मत खराब

(ख) अंधे के हाथ बटेर लगना

(ग) आग बबूला हो जाना

(घ) अंधे की लाठी

3. बड़े भाई ने छोटे भाई को ऐसी चुभती बात कही कि वह **…………..** । रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए **:-**

(क) खून बहाना ।

(ख) शर्मिंदा होना।

(ग) अपना-सा मुँह लेकर रह जाना।

(घ) गला काट लेना।

4. वीर सैनिकों ने देश की रक्षा में प्राणों की ……………….. हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए :-

(क) आहुति लगा देते हैं।

(ख) ताकत लगा देते हैं।

(ग) बाजी लगा देते हैं।

(घ) जान लगा देते हैं।

5. गरीब माँ-बाप अपना ……………….. कर बच्चों को पढ़ाते हैं और वे बड़े होकर उनकी चिंता नहीं करते। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए :-

(क) गला काट।

(ख) कफ़न बाँधकर

(ग) मन लगाकर

(घ)पेट काटकर

6. सुनील के लिए परीक्षा पास करना ……………….. समान है |उपयुक्त महुावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :-

(क) तलवार खींचना

(ख) पत्थर पड़ना

(ग) लोहे के चने चबाने

(घ) गुस्सा आना

प्रश्न **7 .** निम्नलिखित पद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए **-**

**(1X5=5)**

जब मैं था तब हरि नहीं ,अब हरि हैं मैं नांहि।
सब अँधियारा मिटी गया , जब दीपक देख्या माँहि।।
निंदक नेड़ा राखिये , आँगणि कुटी बँधाइ।
बिन साबण पाँणीं बिना , निरमल करै सुभाइ।।

1. 'मैं' शब्द किसकी ओर संकेत करता है **?**

(क) मनुष्यता की

(ख) सद्भावना की

(ग) इर्ष्या की

(घ) अहंकार की

**2.** दीपक दिखाई देने से अंधकार  कैसे मिट जाता है **?**

(क) बादल हट जाने के कारण |

(ख) अहंकार रुपी माया दूर होती है जब ज्ञान रुपी दीपक दिखाई देता है|

(ग)  माया दूर होती है जब अज्ञान रुपी दीपक दिखाई देता है|

(घ) उपर्युक्त सभी

**3.** अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या सुझाव दिया है **?**

(क) पानी और साबुन आँगन में रखना चाहिए |

(ख) अच्छे दोस्तों को आने पास रखना चाहिए |

(ग)  अच्छे  पुस्तकों को पढना चाहिए |

(घ) सदा निंदक को अपने पास रखना चाहिए |

**4.** 'अब हरि हैं मैं नांहि' का अर्थ होगा **-**

(क) हरी जब आए तब मैं नहीं था |

(ख) अहंकार दूर होने पर ईश्वर का वास होना |

(ग)  ईश्वर के  ना होने पर अहंकार का वास होना |

(घ) अहंकार आते ही ईश्वर चला गया |

**5.** निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान पूर्वक पढ़िए **-**

**I .** हमारे अंदर अहंकार हो तो ईश्वर वास नहीं करता **|**

**II** मनुष्य को अपने पास निंदक नहीं रखना चाहिए **|**

**III.** निंदक बिना साबुन और पानी के स्वाभाव को निर्मल करते है **|**

**IV**  निंदक को आँगन में ही रखना चाहिए **|**

पद्यांश से मेल न खाते  हुए वाक्यों  को चुनिए **-**

(क) I , II, III और IV

(ख) I , II और III

(ग)  III और IV

(घ) II

प्रश्न **8 .**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए**-   (1X2=2)**

**1.** 'जिन्दगी का मौत से गले मिलना से कवि कौन से  भाव को उजागर करना चाहते है **?**

(क) आत्मबलिदान देना

(ख)  देश की रक्षा की प्रार्थना करना

(ग)  दुश्मनों को मारना

(घ)  सभी

**2.** मीरा श्री कृष्ण के पास रहने के कौन से फायदे बताती है **?**

(क) उसे श्री कृष्ण को याद करने की जरूरत नहीं होगी

(ख) उसकी भाव भक्ति का साम्राज्य बढ़ता ही जायेगा

(ग) उसे हमेशा दर्शन प्राप्त होंगे

(घ) सभी

प्रश्न **9** **.** निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए **-**

**(1X5=5)**

कई सालों से बड़े-बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेल कर उसकी जमीन को हथिया रहे थे। बेचारा समंदर लगातार सिमटता जा रहा था। पहले उसने अपनी फैली हुई टाँगे समेटीं, थोड़ा सिमटकर बैठ गया। फिर जगह कम पड़ी तो उकडूं बैठ गया। फिर खड़ा हो गया.... जब खड़े रहने की जगह काम पड़ी तो उसे गुस्सा आ गया। जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है। परन्तु आता है तो रोकना मुश्किल हो जाता है ,और यही हुआ, उसने एक रात अपनी लहरों पर दौड़ते हुए तीन जहाज़ों को उठा कर बच्चों की गेंद की तरह तीन दिशाओं में फेंक दिया। एक वर्ली के समंदर के किनारे पर आ कर गिरा। दूसरा बांद्रा के कार्टर रोड के सामने औंधे मुँह और तीसरा गेट-वे-ऑफ इंडिया पर टूटफूट कर सैलानियों का नजारा बना बावजूद कोशिश, वे फिर से चलने फिरने के काबिल नहीं हो सके।

1. समुद्र धीरे धीरे क्यों सिकुड़ रहे हैं **?**

(क) क्योंकि उसकी जमीन पर इमारतें और मकाने खड़े हो गए |

(ख) ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से

(ग) जलवायु परिवर्तन के कारण

(घ) बारिश के कम होने के कारण

**2.** कथन**(A)-** समंदर लगातार घटता जा रहा था **|**

कारण**(R)-** कई सालों से वर्षा नहीं हो रही थी **|**

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है|

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R)सही है|

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है|

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं|

**3.** वर्ली के समंदर के किनारे पर क्या आकर गिरा **?**

(क) भयंकर तूफान

(ख) तीन में से एक जहाज

(ग) बच्चे की गेंद

(घ) बिल्डर का घर

4. निम्नलिखित गद्यांश के अनुसार किसे बहुत गुस्सा आया ?
   (क) घर बनाने वाले बिल्डरों को
   (ख) समंदर को
   (ग) बच्चों को
   (घ) गेंद की तरह चलती हुए जहाजों को

5. बड़े लोग कैसे होते हैं ?
   (क) जो लोग बड़े होते हैं उन्हें गुस्सा अधिक आता है |
   (ख) बड़े लोग को कम गुस्सा करते हैं|
   (ग) क और ख दोनों सही
   (घ) क और ख दोनों गलत

प्रश्न **10** .निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- **(1X2=2)**

1. सआदत अली को तख़्त पर क्यों बैठाया गया ?
   (क) तांकि वह अंग्रेजी हकूमत को पैसे दे सके |
   (ख) क्योंकि वह ऐश पसंद आदमी था |
   (ग) वह अंगेजों का दोस्त और वजीर अली का दुश्मन था |
   (घ) उपर्युक्त सभी विकल्प |

2. शैलेंद्र द्वारा कहानी सुन कर राज कपूर ने क्या कहा ??
   (क) कहानी बिलकुल अच्छी नहीं है |
   (ख) वे हैरान रह गए |
   (ग) उन्होंने अपना पारिश्रमिक एडवांस माँगा |
   (घ) उपर्युक्त सभी विकल्प |

खंड -ब (वर्णनात्मक प्रश्न )

प्रश्न **11** .निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए **- (3 x 2=6)**

**(1)** आज का मनुष्य अपने मन को शांत रखने लिए कई गतिविधियाँ करते है जैसे भ्रमण पर जाना , पार्टी मनाना ,योग करना आदि | आपके द्वारा पढ़े गए पाठ 'झेन की देन' में लेखक के दोस्त ने जापान में लोगों द्वारा अपने मानसिक तनाव को कम करने के लिए कौन सी परंपरा का उल्लेख किया ?

**(2)** वजीर अली के किस्से सुनकर रॉबिनहुड  के कारनामों की याद आने लगती है|  कर्नल ने वजीर अली को रॉबिनहुड के समान क्यों माना **?** इस कथन पर अपने विचार प्रकट कीजिए|

**(3)** किसी प्रदेश की संस्कृति की झलक लोककथा द्वारा  प्रचलित होती है | इस वर्ष आपके द्वारा पढ़े गए लोककथा से किस प्रदेश की कुरीतियों के बारे में जानकारी मिलती है और   इस विषय का मूल्यांकन अपने शब्दों में लिखिए |

प्रश्न **12 .** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **60**  शब्दों में दीजिए-   **(3X2=6)**

**(1)** कबीर की भक्ति विशेषता का उल्लेख कीजिए |

**(2)**  पाठ्यपुस्तक में पढ़े गए कविता'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर वर्षा के पहले और वर्षा के बाद पर्वत प्रदेश की प्रकृति आए परिवर्तन का उल्लेख अपने शब्दों में कीजिए |

**(3)** भारत के वीर सैनिक अपने राज्य के लिए अपनी जान की बाजी लगाने के लिए तैयार रहते हैं और उनकी कुछ अपेक्षाएं होती हैं| भारतीय सैनिकों की अपेक्षाओं  को अपने शब्दों में लिखिए |

प्रश्न **13 .** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **60**  शब्दों में दीजिए-    **(3X2=6)**

**(1)** हरिहर काका अपने परिवार के बीच रहकर भी अकेलापन महसूस करने लगे थे|  एक भरपूर परिवार होते हुए भी वह अकेले थे | उनकी जिंदगी में सूनापन था |  हरिहर काका के परिवार का संक्षिप्त वर्णन अपने शब्दों में कीजिए |

**(2)** बचपन में घास अधिक हरी और फूलों की सुगंध अधिक मनमोहक लगती है। यह शब्द शायद आधी शती पहले किसी पुस्तक में पढ़े थे, परन्तु आज तक याद है।
'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर लेखक की बचपन और अपने बचपन की तुलना कीजिए |

**(3)** इफ़्फ़न की दादी की आत्मा ससुराल में सदा बेचैन रही अर्थात वे ससुराल में बहुत खुश नहीं थी। जब मरने वाली थी तो उनके बेटे ने उनसे पूछा कि वे क्या चाहती है कि उनकी लाश करबला जानी चाहिए या नज़फ, तो वह बिगड़ गई और गुस्से में बोली कि बेटा अगर उससे उनकी लाश नहीं सँभाली जाती तो वह उनकी लाश को उनके घर भेज दें।
इफ़्फ़न की दादी के बारे में  अपने शब्दों में लिखिए |

प्रश्न **14** .निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदु के आधार पर लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए| **(5X1=5)**

1. व्यायाम और स्वास्थ्य
   - स्वास्थ्य का महत्व
   - शारीरिक स्वास्थ्य
   - मानसिक स्वास्थ्य
2. जलवायु परिवर्तन
   - जलवायु परिवर्तन का अर्थ
   - कारण और परिणाम
   - समस्या का समाधान
3. भारतीय समाज में नारी की बदलती स्थिति
   - प्राचीन काल में भारतीय नारी
   - आधुनिक युग की नारी
   - ममता और त्याग की मूर्ति

प्रश्न **15** .**(1)** आप **23/3**, स्काई लाइन कॉलोनी, राम नगर, अजमेर निवासी अरविंद शर्मा है ।पानी का नया कनेक्शन लेने के लिए अजमेर जल बोर्ड के मुख्य राजस्व अधिकारी को प्रार्थना पत्र लिखिए। **(5X1=5)**

अथवा

**(2)** शिक्षा प्रणाली में सुधार और पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए नव भारत टाइम्स दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

प्रश्न **16.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग **80** शब्दों में सूचना लिखिए | **(4X1=4)**

**(1)** आप विद्या निकेतन विद्यालय के दसवीं अ के छात्र नीरज शर्मा हैं।आपके विद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हर तरह की पुस्तकों पर **25%** छूट दी जाएगी। ये पुस्तकें विभिन्न विषयों से संबंधित होंगी। इस संबंध में एक सूचना आलेख तैयार कीजिए।

अथवा

**(2)** 'नीलिमा आई केयर फाउंडेशन' आपकी कॉलोनी में एक कैंप लगाना चाहती है, जिसमें **60** साल से अधिक उम्र वाले स्त्री-पुरुषों की आँख संबंधी बीमारियों का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। इस कैंप में

दस से कम आयु के लोगों को चश्मा मुफ़्त दिया जाएगा। कॉलोनी के सचिव की तरफ से एक सूचना आलेख तैयार कीजिए।

प्रश्न **17.** निम्नलिखित में से किन्ही एक विषय पर लगभग **60** शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए | **(3X1=3)**

**(1)** ‘ऐर्फ़्री मोबाइल फ़ोन’ बनाने वाली कंपनी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

**(2)** ‘सुपर स्कूल बैग्स’ अपने बैगों की बिक्री बढ़ाना चाहते हैं। इसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न **18. (1)** ‘मेहनत का फल’ विषय पर लघुकथा लगभग **100** शब्दों में लिखिए | **(5X1=5)**

अथवा

**(2)** आपके शहर में बढ़ रही बिजली कटौती के कारण नगर वासियों को अपने दैनिक जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, इस पर चिंता व्यक्त करते हुए ऊर्जा अधिकारी को ई -मेल लिखिए |